कहानी सुनाना, गीत, रोल प्ले और नाटक: उच्च प्राथमिक अंग्रेज़ी

हिन्दी (अंग्रेज़ी के साथ)
कमेंट्री: इस प्राथमिक अंग्रेज़ी की कक्षा में, शिक्षिका ने अपने विद्यार्थियों को कहानी सुनने के लिए एकत्रित किया है। यह एक कौए और लोमड़ी के बारे में जानीमानी, भारतीय, पारंपरिक कहानी है। विद्यार्थी कहानी को हिंदी में जानते हैं, लेकिन अंग्रेज़ी में इसके साथ कम परिचित हैं। शिक्षिका अपने विद्यार्थियों से कुछ प्रस्तावना के सवाल पूछकर, शुरुआत करती हैं। **शिक्षिका:** Do you like a story? **विद्यार्थी:** Yes, ma’am. **शिक्षिका:** Bird’s name बताइए बेटा? **विद्यार्थी:** Crow, parrot, eagle... **शिक्षिका:** हिन्दी में भी बताइए, English में, जो आती है बताइए। जिसको आपने देखा है, आसपास। बताइए। **विद्यार्थी:** Parrot, कोयल... **शिक्षिका:** हाँ, very nice! **विद्यार्थी:** कोयल... **शिक्षिका:** अच्छा! कुछ wild animal’s name पता है आपको? Wild animals जानते हैं? जंगली जानवर। **विद्यार्थी १:** Tiger. **शिक्षिका:** Very good!

विद्यार्थी १: Lion.

शिक्षिका: Very nice!

Today I am going to tell you a story about a bird!

Bird?

विद्यार्थी: Yes, ma’am.

शिक्षिका: And elephant!

विद्यार्थी: No, ma’am!

शिक्षिका: I am going to tell you a story about, a bird and a…? And a…?

विद्यार्थी: Fox!

शिक्षिका: Fox!

कमेंट्री:

शिक्षिका पाठ्यपुस्तक का इस्तेमाल नहीं कर रही हैं। उन्होंने कहानी याद कर ली है, और अंग्रेज़ी के शब्दों के अर्थ को मज़बूत करने के लिए चित्रों का उपयोग कर रही हैं।

कहानी सुनाने के दौरान, आप अपनी कक्षा के साथ सीधे संवाद कर सकते हैं। ध्यान दीजिए, शिक्षिका कैसे विद्यार्थियों के साथ आँख मिलाकर बात करती हैं, चुटकुलों का इस्तेमाल करती हैं, और इस पाठ को आनंददायक बना रही हैं, ताकि हर किसीको शामिल किया जा सके।

शिक्षिका: A fox saw a bird, eating? Some bread. Bread means?

विद्यार्थी: रोटी।

शिक्षिका: हाँ, देख रही थी कि - bird यानि कौए के पास - रोटी है।

The fox said, “I like bread! Please, give me your bread!”

कमेंट्री:

शिक्षिका, चेहरे के हावभाव और इशारों का उपयोग करके, अपने विद्यार्थियों को जोड़ कर रख रही

हैं। कहानी के हर चरित्र के हिसाब से, वह अपनी आवाज़ को बदल लेती हैं।

शिक्षिका: “I am really hungry! Really hungry!”

कौन कह रहा है?

विद्यार्थी: Fox.

शिक्षिका: She is clever, न?

विद्यार्थी: Yes, ma’am.

शिक्षिका: कह रही है...

Bird said, “No, I will not give you my bread! I will not give you my bread!”

The fox said, “Please, give me your bread! I am really hungry!”

तो bird ने कहा, “No, I will not give you my bread! I will not give you my bread!”

उसने फिर सोचा, “अच्छा! Can you fly?”

तो bird ने कहा, “Look! I can fly! I can fly! But, I will not give you my bread! I will not give you my bread!”

Fox said, “Can you sing?”

Can you sing?

विद्यार्थी: Yes, ma’am.

शिक्षिका: Can you sing?

विद्यार्थी: Yes, ma’am.

शिक्षिका: ‘Sing’ means? गाना गाना।

कमेंट्री:

देखिये, कैसे शिक्षिका सवाल पूछकर, विद्यार्थियों की भागीदारी को बनाए रखती हैं।

शिक्षिका: फिर उसने सोचा, “OK, I can sing. Listen to my song! Listen to my song!”

फिर crow क्या करेगा? क्या करेगा crow?

विद्यार्थी २: Ma’am, जब लोमड़ी नाचेगी, इधर-उधर मटकेगी, तब कौए को अच्छा लगेगा। वो हँसेगा, तो bread गिर जाएगी!

शिक्षिका: अरे, वाह भई! Very good! है न? हाँ...

वो नाचेगी न? तो उसको बड़ा अच्छा लगेगा उसका dance! किसका dance?

विद्यार्थी: लोमड़ी का... Crow का।

शिक्षिका: तो फिर वो भी नाचने लगेगा? Bird भी? ऐसे, ऐसे? ऐसे, ऐसे?

फिर कैसे? वो तो मुँह में दबाए रहेगा?

विद्यार्थी: Ma’am, नाचेगा।

कमेंट्री:

कहानी सुनाना - शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए अंग्रेज़ी के अभ्यास का - एक अच्छा तरीका है।

अपनी कक्षा के लिए, आप कहानियों का सरल अंग्रेज़ी संस्करण तैयार कर सकते हैं। आप कौनसी कहानी चुनेंगे? और कैसे चित्रों व इशारों का उपयोग करके, आप उसे सुनाएँगे? आप कौनसे सवाल पूछेंगे, जिनसे विद्यार्थियों की भागीदारी बनाए रखने में मदद मिले?